तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025



11 रक्तदान किसी के लिए हो सकता वरदान साबित





12 डेंगू-मलेरिया रोकथाम के लिए अलर्ट मोड पर...




## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास रोड आजाद नगर से चोर रात के समय एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि उसने रात को करीब 9 बजे अपनी बाइक मकान के पीछे की साइड में खाली जगह पर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक काबू



**बावल।** पुलिस ने गत 22 अप्रैल को दिल्ली-जयपुर हाइवे पर हुए सड़क हादसे के केस में आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। चालक मौके से फरार हो गया था। गाड़ी नंबरों के आधार पर पता लगाने के बाद पुलिस ने इस मामले में सोनीपत के भडोती निवासी गाड़ी चालक विकास को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### लावारिस बाइक के साथ शराब बरामद

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सेक्टर-18 से एक लावारिस बाइक और उस पर रखी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर के खाली प्लॉटों में एक लावारिस बाइक खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो बाइक पर एक बड़ा बैग रखा हुआ था, जिसमें चार पेटी शराब थी। आसपास के लोगों से बाइक के बारे में पूछताछ की तो बाइक का कोई वारिस नहीं मिला। पुलिस ने बाइक व शराब को कब्जे में ले लिया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बाइक चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने हरजीपुर से बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टींट निवासी सूबेसिंह की शिकायत पर बाइक चोरी का केस दर्ज किया था। उसकी बाइक 5 जून 2023 को हरजीपुर गांव से चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बाइक बरामद कर ली थी। अब एक और आरोपी कपिल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# दोस्तों ने शराब पिलाकर की थी हत्या, सौरव हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश में जुटी पुलिस

## गला घोंटकर हत्या के बाद जोहड़ में डाला था शव, रिमांड पर लिया

### पूछताछ कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 23 अप्रैल को हुई नांगल जमालपुर निवासी सौरव की हत्या की गुत्थी सीआईए ने सुलझा ली है। हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। इस बात का खुलासा हुआ है कि दोस्तों ने ही शराब पिलाने के बाद सौरव का गला दबाकर हत्या की थी। इसके बाद शव बाइक पर रखकर फिदेड़ी के जोहड़ में डाल दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट से रिमांड पर लिया है। पुलिस इस मामले में एक और आरोपी की तलाश कर रही है, जिसका हत्या की वारदात से 'हथियार' का कनेक्शन भी माना जा रहा है।

- सौरव हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई
- गला दबाकर की गई थी हत्या
- तीन-चार दिन से घर से लापता था



रेवाड़ी। हत्या के दोनों आरोपी सीआईए की टीम के साथ।

### फिदेड़ी के जोहड़ में ग्रामीणों ने 23 अप्रैल को देखा था सौरव का शव

फिदेड़ी के जोहड़ में ग्रामीणों ने 23 अप्रैल को शव पड़ा दिखाई दिया था। इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया था। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया था। शव की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसे सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया था। नांगल जमालपुर निवासी बलजीत सिंह का बेटा तीन-चार दिन से घर से लापता था। सूचना मिलने के बाद बलजीत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने बेटे सौरव के रूप में की थी। बलजीत ने पुलिस बयान में बताया था कि उसका बेटा घर से कंपनी में काम की तलाश के निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। मृतक के गले पर निशान पाए जाने के कारण पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। मृतक के पिता ने उसके पांच दोस्तों पर ही हत्या का संदेह जाहिर किया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सदर थाना पुलिस के साथ-साथ सीआईए की टीमों को भी हत्याकांड की जांच में लगाया था। पुलिस ने नामजद लोगों से पूछताछ की थी, परंतु हत्याकांड का खुलासा नहीं हो सका था।

### रंजिश के चलते दिया हत्या को अंजाम

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने हत्याकांड की जांच सीआईए प्रभारी सुमेर सिंह को सौंपी थी। सीआईए ने कड़ी मशक्कत के बाद सीहा निवासी कर्मबीर और तुर्कियावास निवासी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि सौरव अपने दोस्त के घर हांसाका गांव में ठहरा हुआ था। कर्मबीर ने उसे फोन पर गांव के बाहर बुलाया था। उसे शराब पिलाने के बाद कर्मबीर और हेमंत उसे खेतों में ले गए। वहां शराब पिलाने के बाद उसका गला दबा दिया। सौरव की मौत होने के बाद उसके शव को बाइक पर रखकर फिदेड़ी के जोहड़ में डाल दिया।


पुलिस के अनुसार इस मामले में एक और आरोपी की संलिप्त होने की बात सामने आई है, जिसे जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### घरेलू विवाद के बाद पैदा हुई रंजिश

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ समय पहले कर्मबीर का अपने ताऊ के साथ जमीनी विवाद हो गया था। इसी दौरान सौरव कर्मबीर के संपर्क में आ गया था। कर्मबीर ने उससे असला दिलवाने की बात कही, तो सौरव ने उसे असला दिलाने के लिए गुरूग्राम के किसी व्यक्ति से संपर्क कराने को कहा था। जिस व्यक्ति से संपर्क किया गया, वह सौरव से रंजिश रखता था। उसने सौरव को रास्ते से हटाने को कहा था। कर्मबीर ने हेमंत के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया।

# मरीजों व दिव्यागों को एफओबी में लिफ्ट की दरकार सरकुलर रोड के ट्रैफिक के बीच से गुजर रही स्ट्रेचर

## शहरवासियों को डेढ़ साल से एफओबी में लिफ्ट का इंतजार, विभाग की सुस्ती से बढ़ रही परेशानी



सरकुलर रोड पर ट्रामा सेंटर से नागरिक अस्पताल का एफओबी



एफओबी में अधूरा पड़ा लिफ्ट का कार्य।



अधर में लिफ्ट का कार्य।

- डेढ़ साल से ज्यादा समय होने पर भी लिफ्ट का कार्य अधूरा
- अस्पताल व ट्रामा सेंटर के दोनों ओर लंबे समय से लिफ्ट के खाके तैयार
- मंत्री के आदेश के बावजूद शुरू नहीं हो सका लिफ्ट का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल को ट्रामा सेंटर को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज से सिर्फ पैदल जाने वाले लोगों को ही सुविधाएं मिल पा रही है। एफओबी में डेढ़ साल से ज्यादा समय होने पर भी मरीजों व दिव्यांगों के लिए लगाई जाने वाली लिफ्ट का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के टेक्निकल विभाग की सुस्ती के कारण अभी तक लिफ्ट चालू नहीं हो पाई है। एफओबी में नागरिक अस्पताल व ट्रामा सेंटर के दोनों ओर लंबे समय से लिफ्ट के खाके तैयार पड़े है।

### मंत्री ने दिए थे निर्देश

गत माह 9 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नागरिक अस्पताल के एफओबी का निरीक्षण करके लिफ्ट को जल्द चालू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इस आदेश को एक महीने बीतने को है, लेकिल पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से अभी तक लिफ्ट का कार्य शुरू नहीं किया गया है। एफओबी के बनने से ट्रामा से नागरिक अस्पताल में जाने के लिए पैदल नागरिकों के लिए तो सफर तो काफी सुगम हो गया है, लेकिन ट्रामा सेंटर से मरीजों व डेडबॉडी को अभी भी सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर ही शिफ्ट किया जा रहा है। इन दोनों में एक लिफ्ट में स्ट्रेचर से मरीजों को शिफ्ट किया जाएगा तथा दूसरी लिफ्ट दिव्यांगों व अन्य मरीजों के लिए रहेगी।

### मरीजों व दिव्यांगों को नहीं मिली लिफ्ट सुविधा

*एफओबी पर ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल के दोनों ओर दो-दो लिफ्ट के खाके तैयार पड़े हुए है। एक लिफ्ट में स्ट्रेचर से मरीजों को शिफ्ट किया जाएगा तथा दूसरी लिफ्ट दिव्यांगों व अन्य मरीजों के लिए रहेगी। बाकी लोग स्टेयर्स का इस्तेमाल करके ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल में आवागमन कर सकते है। 2019 में फुट ओवरब्रिज को मंजूरी के बाद कार्य 2023 में एफओबी का कार्य शुरू हो गया था। नागरिक अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के बीच शहर का प्रमुख सरकुलर रोड पड़ता है। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के बाद भर्ती करने के लिए मरीजों को नागरिक अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ता है। मौत होने की स्थिति में शवों को भी ट्रामा सेंटर से अस्पताल ले जाया जाता है। लिफ्ट नहीं लगने से मरीजों व शवों को ट्रैफिक के बीच स्ट्रेचर से नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है।*

### सिविल अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से अधिक की ओपीडी



नागरिक अस्पताल में मल्टी स्पेशियलिटी नए भवन को 2017 में शुरू किया गया था। नया भवन बनने के बाद अस्पताल में ओपीडी भी काफी बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 1500 से अधिक लोगों की ओपीडी ली जा रही है। सरकुलर रोड के एक तरफ ट्रामा सेंटर व दूसरी तरफ नागरिक अस्पताल है। टैफिक की समस्या को लेकर एफओबी का निर्माण किया गया, लेकिन एफओबी बनने के बाद भी लोगों को पूरी सुविधा नहीं मिल पाई है। लिफ्ट का कार्य अटका पड़ा होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### ट्रैफिक के बीच से गुजर रही स्ट्रेचर

किसी भी दुघर्टना में गंभीर घायल व इमरजेंसी सेवा के लिए मरीज को पहले ट्रामा सेंटर में लाया जाता है। इसके बाद नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जाता है। पोस्टमार्टम रूम नागरिक अस्पताल में ही बना हुआ है। ट्रामा सेंटर में घायल व्यक्ति की मौत होने पर उसे सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट किया जाता है, लेकिन एफओबी की लिफ्ट शुरू नहीं होने से कर्मचारी व परिजन सरकुलर रोड के ट्रैफिक के बीच से ही मरीजों को स्ट्रेचर पर शिफ्ट कर रहे है।

# दुकानदार सर्विस रोड पर धूल से परेशान, सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। समस्या को लेकर कोसली एसडीएम को ज्ञापन सौंपते दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली स्टेशन क्षेत्र के साल्हावास रोड़ पर आरओबी के साथ बने सर्विस रोड के पास के दुकानदारों ने सोमवार को एसडीएम विजय कुमार यादव को ज्ञापन सौंपकर भाकली मोड़ से लेकर बाजार के मुख्य चौक तक सर्विस रोड़ पर सीवर एवं पेयजल आपूर्ति की लाइन डालने की प्रक्रिया में तोड़ी गई सड़क से उड़ती धूल से निजात दिलाने की मांग की। दुकानदार सोनू बंसल, पवन बंसल, पुनित गर्ग, विपिन सिंगला, मोहित अनिल व अंकित ने बताया कि कार्य के दौरान सड़क पर लगी इंटरलाक टाइल्स को उखाड़ा गया था, लेकिन काम पूर्ण होने के बाद उन्हें ठीक से नहीं लगाया गया, जिससे सड़क पर फैली मिट्टी उड़ने से दुकानदारों तथा आने-जाने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि वे पहले भी इस विषय में लिखित शिकायत दे चुके हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों ने एसडीएम से सड़क पर पड़े मलबे व मिट्टी को उठवाने की मांग की है।

## आसमान में बार-बार छा रहे बादल

# सामान्य से नीचे आया पारा, हवा में नमी से उमस बढ़ी, आज हल्की बरसात की संभावना

एक साथ कई विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक साथ कई विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में आ रहे बदलाव के कारण तापमान सामान्य से काफी कम चल रहा है। कम तापमान के बावजूद हवा में नमी के कारण उमस परेशान करने लगी है। मंगलवार को आसमान में बादलों और तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात होने की संभावना जताई जा रही है।

सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, जो दोपहर तक साफ हो गए। तेज धूप निकलने के बाद उमस ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 35.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री की वृद्धि के साथ 23.0 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष 5 मई को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम 25.0 डिग्री दर्ज किया गया था। इस तरह तापमान सामान्य से 6 डिग्री से भी कम आ गया है। तापमान में गिरावट के बावजूद हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी से अधिक होने के कारण उमस भरी गर्मी ने दोपहर बाद लोगों को जमकर परेशान किया। शाम के समय एक बार फिर आसमान में गहरे बादल छा गए। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई, जिससे मौसम खशगवार हो गया। अभी तक रात का तापमान कम बना रहने के कारण लोगों को दोपहर के समय ही भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। तापमान में गिरावट के बाद मई माह में चलने वाले लू से भी छुटकारा मिला हुआ है, परंतु बदलता हुआ मौसम मौसमी बीमारियों की आशंक भी पैदा कर रहा है।



रेवाड़ी। सोमवार दोपहर को छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### एक सप्ताह तक रहेगा बदलाव

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बार-बार विक्षोभ की सक्रियता के इस सप्ताह के अंत तक बार-बार बादल छाते रहेंगे। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बरसात भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मई माह में चलने वाली लू से कुछ दिनों तक राहत बनी रहने की संभावना है। दूसरी ओर हीटवेव का असर खत्म होते ही बिजली की खपत में भी कमी आई है, जिससे लोगों को पावर कटों से काफी हद तक राहत मिल गई है।

## पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर युवक से 1.96 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर 1.96 लाख रुपये की ठगी कर ली। न्यू आदर्श नगर निवासी हर्ष शर्मा ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 3 मई को उसके मोबाइल पर मैसेज आए थे। मैसेज पर उसे पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताया गया। उसके बाद उसे टेलीग्राम पर लिंग भेजा गया तथा गूगल मैप पर किसी होटल का रिव्यू देकर टॉस्क दिया गया। हर्ष ने लालच में आकर टास्क ले लिया। इसके बाद साइबर ठग ने उससे 7000, 21000, 36000, 30000, 10000 व 10000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। उसके बाद ठग ने अन्य नंबर देकर उससे 30000, 30000 व 22500 रुपये ट्रांसफर कराए। इस तरह ठगों ने उससे कुल 196500 रुपये क ठगी कर ली। जब उसने साइबर ठगों से अपने पैसे मांगे तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

साइबर थाना पुलिस ने हर्ष की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोहतक, मंगलवार 6 मई 2025
हरिभूमि सहेली



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

## परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं।

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।

**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी।



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

सरिता गुप्ता

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।



**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।



**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं।

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

मानसी

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रविंद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें।

प्रस्तुति: विनीता

## खबर संक्षेप




### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर छबील लगाई

**रेवाड़ी।** शहर में पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। पंचनद जिला अध्यक्ष केशव चौधरी व पंजाबी बिरादरी ने केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। केशव चौधरी ने बताया कि पंजाब-हरियाणा के विभाजन के बाद निंदाना में 5 मई 1954 को मनोहर लाल का जन्म हुआ था। उन्होंने मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को पानी पिलाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों की मदद भी की।


### बिना मान्यता प्ले स्कूल चलाने पर होगी कार्रवाई

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला की ओर से जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। डीसी ने कहा कि प्ले स्कूल को हर वर्ष मान्यता रिन्यू कराना अनिवार्य है। प्ले स्कूल अगर नियमों पर खरा नहीं उतरते हैं तो उन्हें बंद कराया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों का दाखिला कराने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें।


रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

### कृषि फार्म में लगाई सेंध हजारों का सामान चोरी

**कोसली।** गुडियानी में चोर कोसली रोड पर बने फार्म हाउस का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में गुडियानी निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसका कोसली रोड पर फार्म हाउस है। वह रात को साढ़े 9 बजे तक अपने फार्म हाउस पर मौजूद था। इसके बाद वह अपने घर आ गया। सुबह जब वह फार्म हाउस पर गया तो गेट का ताला टूटा हुआ था। चोर फार्म हाउस से एक फ्रीज, इन्वेंटर बैट्री, आरो, इन्डक्सन कूकर, बिजली के तार, दो प्लास्टिक बैन्ड, दो एलूनियम बैन्ड, चार कुर्सी व 10 फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।



## मुख्यातिथि ले. ज. सुनील बोले आज सैनिक स्कूलों के छात्र सभी आयाम छू रहे

# कैडेट प्रतिनिधि नियुक्ति अलंकरण समारोह में शशि बने विद्यालय कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सैनिक स्कूल गांव गोठड़ा में कैडेट प्रतिनिधि नियुक्ति अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल सुनील कुमार गडियोक एवीएसएम सेवानिवृत्त पूर्व कमांडेंट डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर जनरल देवेश गौड़ सेवानिवृत्त पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक सैन्य प्रशिक्षण पूर्व कर्नल कमांडेंट सेना शिक्षा कोर थे। विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर, उप-प्राचार्या सुनैना चाहार, प्रशासनिक अधिकारी मेजर जय सिंह राठौड़ व वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कक्षा बारहवीं के कैडेट शशि शेखर को विद्यालय कप्तान तथा कैडेट आर्यन को विद्यालय एड्जुटेंट, कैडेट उज्ज्वल प्रताप को विद्यालय कप्तान अकादमिक, कैडेट आर्यन को विद्यालय कप्तान स्पोर्ट्स, कैडेट दीपक कुमार द्विवेदी को सीसीए सह-पाठयक्रम गतिविधियां कप्तान, कक्षा ग्यारहवीं के कैडेट आयुष को विद्यालय प्रीफेक्ट व कक्षा दसवीं की कैडेट माधवी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा स्कूल के सुब्रतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा व परेरा छह सदनों के लिए भी सदन कप्तानों व उपकप्तानों की नियुक्ति की गई। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय अधिकारीगणों एवं सदनाध्यापकों ने नवनियुक्त विद्यालय कैडेट्स प्रतिनिधियों व सदन कैडेट्स प्रतिनिधियों के पद अनावृत किए तथा उन्हें पद व गोपनीयता के साथ कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कक्षावार घोषित विद्यालय परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्राप्त करन वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र व पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल सुनील कुमार गडियोक ने नवनियुक्त कैडेट्स को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करते हुए विद्यालय की गरिमा व अनुशासन संवर्धित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल में पढ़ना एक बेहतरीन अवसर है। कैडेट केवल ध्यान केंद्रित करके ही लक्ष्य पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने मूल्य निर्माण के लिए समय नियोजन, दूरदृष्टि व जीवनशक्ति पर बल दिया। उन्होंने जीवन में करुणा, साहस व प्रतिबद्धता की उपादेयता भी बताई। उन्होंने कहा कि आज सैनिक स्कूलों के छात्र रक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, शिक्षा व राजनीतिक जीवन के सभी आयामों में शिखर पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सैन्य करियर, एनडीए लाइफ, एसएसबी कोचिंग, लीडरशिप, कम्युनिकेशन स्किल व हैप्पीनेस क्लास से अवगत कराया। विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने बताया कि अलंकरण समारोह में कैडेट्स का चयन विद्यालय में इनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कैडेट्स मे कुशल नेतृत्व क्षमताअनुशासन व नैतिक जिम्मेदारियों के उच्च आदर्शों को स्थापित करना है। कार्यक्रम की आयोजक शिवानी यादव टीजीटी विज्ञान थे तथा मंच संचालन कैडेट खुशी उपाध्याय व कैडेट विशेष ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, कर्मचारी व कैडेट्स उपस्थित थे।




रेवाड़ी। नियुक्ति समारोह के दौरान शपथ लेते सैनिक स्कूल रेवाड़ी के कैडेट्स व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को सम्मानित करते मुख्यातिथि व विद्यालय प्रशासन।



रेवाड़ी। रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए वंदना पोपली।

# रक्तदान किसी के लिए हो सकता वरदान साबित

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

सोमवार को सीएचसी बावल में विधायक डा. कृष्ण कुमार के मागदर्शन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 71 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर बावल विधायक ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।

एक बार किया गया रक्तदान किसी के जीवन के लिए वरदान साबित हो सकता है। विधायक ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो किसी की जिंदगी को बचा सकता है। जब हम रक्तदान करते हैं, तो हमारा थोड़ा सा खून किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है। भाजपा जिला अध्यक्षा वंदना पोपली ने कहा कि हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना को लेकर चलने वाले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता ह। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में युवा वर्ग के लिए बिना खर्ची-पर्ची के रोजगार देना मनोहर लाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। शिविर में पंडित हिमांशु पालीवाल. जतिन अरनेजा, डा. सौरभ यादव, डा. विशाल राव व एसएमओ डा. इद्रजीत सहित सैनी समाज, सैन समाज, पंजाबी समाज के लोगों ने योगदान दिया।

# जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सोमवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित कृष्ण भवन में जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के 160 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। एसडीएम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से परिचय करते हुए निरंतर खेलों में भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है ताकि युवा अपनी प्रतिभा दिखा सके। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों में खेल भावना जागृत करना है। इस अवसर पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान आरआर यादव व सदस्यों ने मुख्यतिथि एसडीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतियोगिता के पहले दिन सिंगल पुरुष वर्ग के 13 आयु वर्ग में देवम, सूर्या, योहान, ऋतिक, विगनेश, लक्ष्य, कविश, अदविक, कियान व प्रीत ने अपने मुकाबले जीते। इस मौके पर सुदर्शन हंडूजा, डा. एसपी यादव, दीपक अग्रवाल, सुनील शर्मा, मोहन यादव, योगेश, संजीव यादव व अनुभव शर्मा मौजूद थे।


रेवाड़ी। खिलाड़ियों से परिचय करते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह।

# पूर्व मंत्री का भाजपा और आप पर निशाना

## बीबीएमबी में चीफ इंजीनियर की सीट भी नहीं भर सकी है प्रदेश सरकार

- कहा, दोनों की लड़ाई पिस रही हरियाणा की जनता
- सीमा सड़क संगठन लगाए प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पंजाब के साथ पानी पर शुरू हुए टकराव के बीच पूर्व सिंचाई मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने भाजपा और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। कैप्टन का कहना है कि दोनों की आपसी लड़ाई का शिकार हरियाणा की जनता बन रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में हुई करारी हार का बदला चुकाने के लिए पानी में कटौती कर रही है, तो प्रदेश की भाजपा सरकार सुंदर नगर में एसई की नियुक्ति तक नहीं कर सकी है।

सोमवार को जारी एक बयान में पूर्व मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार भाखड़ा -ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में चीफ इंजीनियर के पद को तीन से नहीं भर सकी है। सुंदर नगर में एसई का पद रिक्त पड़ा हुआ है। जब शीर्ष अधिकारियों की नियुक्ति में ही सरकार गंभीरता नहीं दिखाएगी, तो प्रदेश के हक की लड़ाई आखिर कौन लड़ेगा। उन्होंने कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए सरकार को पहले खाली पदों पर नियुक्तियां करनी चाहिए थीं। अब सरकार अपनी नाकामी का ठीकरा पंजाब सरकार के सिर फोड़ रही है।

### पहले मिलता रहा 8500 क्यूसिक पानी

कैप्टन ने कहा जब वह कांग्रेस की सरकार में सिंचाई मंत्री थे, तो हरियाणा को 8500 क्यूसिक पानी मिलता था। अब इसे घटाकर 4000 क्यूसिक कर दिया गया है, जो भाजपा सरकार की नाकामी का परिणाम है। देश के बिजली मंत्री मनोहरलाल हरियाणा से ही हैं। इसके बावजूद अगर प्रदेश पानी की किल्लत झेलता है, तो इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार ही होगी।

कैप्टन ने आरोप लगाया कि दिल्ली में करारी हार का सामना करने के बाद आम आदमी पार्टी राजधानी की जनता को पानी से वंचित रखने का प्रयास कर रही है। इसका खामियाजा हरियाणा को भी भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार बीबीएमबी पर सीमा सड़क संगठन लगाकर हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाए। बीबीएमबी केंद्र सरकार के अधीन आता है, इसलिए केंद्र सरकार को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने चाहिएं।

# किसानों को बीजोपचार की दी जानकारी

- गांव खरखड़ा व बूढ़पुर में क्षेत्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद के तत्वावधान में सोमवार को गांव खरखड़ा और बूढ़पुर में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बीजोपचार के महत्व, लाभ और कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के बारे में अवगत कराया गया। कृषि विशेषज्ञ डा. सूरज बरनवाल ने बताया कि बीजोपचार से फसलों को शुरूआती अवस्था में ही विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाया जा सकता है। इससे फसल की गुणवत्ता में वृद्धि होती है और उत्पादन भी बेहतर होता है। उन्होंने कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग की विधियों की भी जानकारी दी।

उन्होंने किसानों को कीटनाशकों का प्रयोग करते समय सुरक्षा मानकों का पालन करने और आवश्यकता अनुसार ही दवाओं का प्रयोग करने की सलाह दी। डा. बरनवाल ने केंद्र की ओर से लॉन्च की गई एनपीएसएस ऐप की भी जानकारी दी,

जिससे किसान अपने खेतों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान आसानी से करके समय रहते उनका समाधान कर सकें। वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. लक्ष्मी कांत, डा. केपी शर्मा, राज्य से कृषि विकास अधिकारी डा.अंकित, एसडीओ गोविंद, सुपरवाइजर नवीन, अरुण व रोहित सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों को तकनीकी सलाह प्रदान की। इस अवसर पर बूढ़पूर सरपंच जितेन्द, देशराज, राजेश कुमार, कुलदीप, प्रकाश, उदयभान व रमेश सहित अनेक किसान उपस्थित थे।


रेवाड़ी। किसानों को जानकारी देते हुए कृषि अधिकारी।

# सुंदरोज के स्कूल में विद्यार्थियों को हाथ धोने की प्रक्रिया समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक मुख्य अध्यापिका कांता देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर अध्यापक महेश कुमार ने हस्त स्वच्छता की अनिवार्यता से संबंधित विचार रखे। उन्होंने बच्चों को खाना खाने से पहले तथा शौच क्रिया के बाद अनिवार्य रूप से हाथ धोने की आदत को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हाथ धोने की सही विधि के बारे में भी समझाया। इस अवसर पर अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह, अजीत सिंह क्लर्क व अध्यापिका कृष्णा कुमारी सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। स्कूल में हाथ धोने की प्रक्रिया समझते विद्यार्थी।

# घंटों तड़पा गोवंश, विभाग झाड़ते रहे पल्ला फायर ब्रिगेड निकालने में असफल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रशासनिक उदासीनता और शहरवासियों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही का एक और उदाहरण रविवार को सामने आया है। नांगल चौधरी रोड पर नई अनाज मंडी के पास एक खुला गटर में गाय गिर गई।

सूचना पर पहुंचे गोरक्षा दल के युवकों ने जब मदद के लिए जिम्मेदार सरकारी विभाग नगर परिषद् व गोशालाओं के दरवाजे खटखटाए तो उन्हें 'सुविधाओं के अभाव' का रटा-रटाया बहाना और टका सा जवाब मिला। घंटों की जद्दोजहद और सरकारी तंत्र की नाकामी के बाद अंततः जेसीबी की मदद से गोवंश की जान बचाई जा सकी। हुआ यूं कि रविवार सुबह करीब 10 बजे गोरक्षा दल नारनौल को खबर मिली कि नई अनाज मंडी गेट के पास एक गाय खुले गटर में गिरकर बुरी तरह फंसी हुई है। दल के हिमांशु यादव ढाणी बाठोठा तुरंत अपनी टीम और स्थानीय लोगों के साथ बचाव में जुट गए। लेकिन गाय को गंभीर चोटें आई थी और गटर गहरा होने के कारण उसे निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। इसके बाद शुरू हुआ सरकारी विभागों का असंवेदनशील रवैया।

हिमांशु यादव ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद् और गोशालाओं को फोन कर मदद मांगी, लेकिन दोनों ही जगहों से सुविधाओं की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया गया। सवाल उठता है कि आखिर इन विभागों की जिम्मेदारी क्या है, अगर वे ऐसी आपात स्थिति में भी हाथ खड़े कर दें? इस पूरी घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए गौसेवक हिमांशु यादव ने सोए हुए प्रशासन को जगाने की कोशिश की है।

### प्रशासन से अपील

उन्होंने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि शहर में जगह-जगह मौत बनकर खुले पड़े इन गटरों को तत्काल ढका जाए, ताकि किसी और बेजुबान या इंसान को ऐसी दर्दनाक स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने नगर परिषद् को भी उसकी जिम्मेदारियां याद दिलाते हुए कहा कि कम से कम आपातकालीन बचाव के लिए जरूरी सुविधाएं तो उपलब्ध कराएं। यह घटना नारनौल में नागरिक सुरक्षा के दावों की पोल खोलती है और सवाल खड़ा करती है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर बेजुबानों की जान की उसे कोई परवाह ही नहीं।

**गटर में पड़ी गाय**



**बैठक** एडीसी अनुपमा अंजलि ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# बरसात के मौसम में जलभराव से निपटने के लिए नालों की जल्द सफाई कराएं: एडीसी

- बरसात के मौसम में कहीं भी जलभराव की समस्या न हो
- समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बावल व कोसली एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी अनुपमा अंजलि ने जनसमस्याओं को सुनकर उनका मौके पर समाधान किया। एडीसी ने कहा कि शहर में नालों की सफाई के टेंडर हो चुके हैं, इसलिए अधिकारी जल्द से जल्द नालों की सफाई कराएं ताकि बरसात के मौसम में कहीं भी जलभराव की समस्या न हो सकें।

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। एडीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होता है उनका ऑन द स्पॉट ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाती है व जो समस्याएं पॉलिसी निर्माण से संबंधित हैं,

उन्हें मुख्यालय में भेजा जाता है ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। समाधान शिविर में सीटीएम प्रीति रावत व डीएसपी विनोद शंकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में जन समस्याओं को सुनते हुए एडीसी अनुपमा अंजलि।

## खबर संक्षेप



### बेटी के ग्राम सचिव बनने पर गोशाला में दिया दान

**कुंड।** खंड खोल के गांव मायन निवासी नीतू ने हरियाणा सरकार में ग्राम सचिव के पद पर डहीना ब्लॉक में ज्वाइन किया है। नीतू के ग्राम सचिव बनने पर पिता गूगन सिंह ने सोमवार को मामड़िया आसमपुर गोशाला में 21000 रुपये की दान राशि भेंट की। गोंशाला कमेटी ने गुगन सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता जीवन राम गर्ग, प्रदीप कुमार ग्राम सचिव, अशोक कुमार सरपंच मामड़िया आसमपुर, विजय सिंह प्रधान, कैप्टन ओम प्रकाश यादव, देवेंद्र सरपंच, अजीत नंबरदार व रामकिशन उपस्थित रहे।

### बिरेंद्र छिल्लर बने खोरी मंडल भाजपा प्रभारी

**कुंड।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन चौ. बिरेंद्र सिंह छिल्लर शाहपुर को खोरी मंडल भाजपा का प्रभारी बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, विधायक डा. कृष्ण कुमार और जिला अध्यक्ष वंदना पोपली का आभार जताया है। मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर व सरपंच हेमंत नंगली गोधा ने उन्हें बधाई दी।

### जैनपुरी मंदिर में 10 से 2 दिवसीय लघु गुरुकुल

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा की ओर से आगामी 10 व 11 मई को शहर के मोहल्ला जैनपुरी के महावीर चैरिटेबल अस्पताल के निकट स्थित मंदिर परिसर में दो दिवसीय लघु गुरुकुल का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा के जिला प्रधान अमरपाल आर्य ने बताया कि लघु गुरुकुल का प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक रहेगा। लघु गुरुकुल में मानव जीवन का उद्देश्य, ईश्वर के अस्तित्व, धर्म-संप्रदाय का महत्व, राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य, अंधविश्वास व पाखंडों की असलियत के साथ सुखमय जीवन तथा उन्नत समाज व राष्ट्र के प्रति दायित्व सहित विभिन्न विषयों पर मंथन किया।

### हादसे में घायल कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत

**रेवाड़ी।** दुल्हेड़ा कला से सुखटेडी रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव सिलगांव निवासी रानी ने बावल थाना पुलिस को बताया कि उसका पति बावल कंपनी में काम करता था। गत 27 अप्रैल को महेन्द्र सिंह कंपनी से अपने गांव सिलगांव आ रहा था, जब वह दुल्हेड़ा कला से सुखटेडी वाले रोड पर पहुंचा तो एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महेन्द्र को काफी चोटें आई। सूचना के बाद परिजनों के घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को महेन्द्र की मौत हो गई। बावल थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी काबू

**काबूरेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मोहल्ला टंडुवाड़ा में लाल मस्जिद के पास गांजा बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि टंडुवाड़ा मोहल्ला निवासी अमन बत्रा नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह लाल मस्जिद के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां खड़े युवक से पूछताछ की उसने अपना नाम अमन बत्रा बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा के पाउच मिले। वजन कराने पर गांजा 50.2 ग्राम निकला। उसके पास से गांजा बेचने से मिले 300 रुपये भी पुलिस ने बरामद कर लिए।

---

मलेरिया अधिकारी डा. अमित यादव ने ली जिले के हेल्थ इंस्पेक्टरों की बैठक

# पांच डेंगू पॉजिटिव, विभाग अलर्ट सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में डेंगू व मलेरिया रोकथाम के लिए सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। बुखार से पीड़ति लोगों के टेस्ट भी किए जा रहे है। गत वर्ष मच्छरों का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया था, जिससे डेंगू के लार्वा ने ज्यादा पांव पसार लिए थे। स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अलर्ट मोड पर है। गत वर्ष जिले में 411 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले थे। सीजन में अब तक एक फिमेल व चार मेल सहित 5 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। जिले के गांव नैनसुखपुरा में 2, जलियावास में 1, बावल में 1 व शहर के यादव नगर में 1 डेंगू का मरीज मिल चुका है। ज्यादा से ज्यादा सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी करेंः डा. अमित जिला मलेरिया अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव ने सोमवार को डेंगू व मलेरिया बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिले के सभी हेल्थ इंस्पेक्टरों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश दिए। डेंगू व मलेरिया का सीजन आ चुका है। सभी हेल्थ इंस्पेक्टर ज्यादा से ज्यादा सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी और फीवर मास सर्वे करें। विभागीय टीमे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के उपाय बताए। लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी मच्छरदानी का प्रयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े पहने, सप्ताह में एक दिन रविवार को ड्राई-डे मनाएं और अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें व पानी एकत्रित न होने दे। डा. संजना ने सभी हेल्थ इंस्पेक्टर को ज्यादा से ज्यादा वाटर सेंपल लेने, ईवेंट अलर्ट करने व डाटा अपडेट करने की सलाह दी। हेल्थ इंस्पेक्टर बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि 16 मई को सभी सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य केंद्रों अभियान चलेगा।



रेवाड़ी। स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक लेते डा. अमित यादव।

### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। बुखार व सिरदर्द, मांसपेशियों, हड्डियों व जोड़ो में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी लगना, आंखो में आसपास दर्द, ग्रंथियो में सूजन व स्किन पर लाल चकते हैं तो तुरंत अलर्ट होने की जरूरत है यह डेंगू के लक्षण है। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### इस बार फोगिंग पर रहेगा जोर

गत वर्ष समय पर फोगिंग नहीं होने के कारण जिले में डेंगू के केस 411 पर पहुंच गए थे। डेंगू के मरीजे मिलने वाले स्थानों पर भी ठीक से फोगिंग नहीं हो पाई थी। काफी गांवों के लोग फोगिंग होने का इंतजार करते रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाई लेने के बाद भी नगर परिषद की ओर से शहर में फोगिंग कराने में सुस्ती बरती गई। नगर परिषद की टीम सिर्फ सरकारी कार्यालयों व अधिकारियों के आवास के आसपास ही फोगिंग करके खानापूर्ति करती रही, जिससे डेंगू के केस काफी ज्यादा बढ़ गए। इस बार स्वास्थ्य विभाग का फोगिंग पर विशेष जोर रहेगा। टीम को केस मिलने वाले स्थानों सहित ज्यादा से ज्यादा फोगिंग कराने के निर्देश दिए।

---



रेवाड़ी। सचिवालय में डीसी का ज्ञापन देने पहुंचे भीम आर्मी के सदस्य।

# भीम आर्मी की फुले फिल्म टैक्स फ्री करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से क्रांतिकारी फुले दंपत्ति के जीवन पर आधारित फिल्म फुले को टैक्स फ्री कराकर हरियाणा के सभी सिनेमाघरों व शैक्षणिक संस्थानों में दिखाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अमन चौधरी ने कहा कि हाल ही में रिलीज हुई फिल्म फुले महान क्रांतिकारी फुले दंपत्ति के संघर्षों और सामाजिक क्रांति पर आधारित है। यह फिल्म न केवल इतिहास को सही रूप से प्रस्तुत करती है, बल्कि आज के युवाओं को जाति उन्मूलन, स्त्री शिक्षा, सामाजिक समानता की दिशा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा फुले दंपत्ति ने असामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया, उनका जीवन और कार्य हमारी शिक्षा प्रणाली और सामाजिक नीति का अहम हिस्सा होना चाहिए। सरकार से फुले फिल्म को टैक्स फ्री करने, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों में फिल्म दिखाने, प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में बिना किसी रोक टोक के फिल्म प्रदर्शित करने की मांग की।

---

# नाबालिग सहित दो को चोरी की बाइक के साथ किया काबू

- 3 मई को धारूहेड़ा के आजाद नगर से घर के पीछे से हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को काबू किया है। उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई है। एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। धारूहेड़ा के आजाद नगर निवासी अशोक की बाइक 3 मई की रात उसके घर के पीछे से चोरी हो गई थी। पुलिस ने अशोक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में चांद कॉलोनी निवासी राज उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद एक नाबालिग को भी पुलिस ने इस मामले में अभिरक्षा में लिया है। बाइक बरामद होने के बाद पुलिस ने नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी।

---

# हादसों को न्योता दे रही हाइटेंशन बिजली लाइन

## मकानों के साथ लगे तारों के जाल, अक्सर हादसों का बना रहता है डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर-9 व सरकुलर रोड पर मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज हाइटेंशन बिजली की लाइन काफी पुरानी एवं जर्जर हो चुकी हैं। मकानों के साथ लगे तारों के जाल बड़े हादसे को न्योता दे रहे है। हाइटेंशन लाइन के कारण बारिश के मौसम में लोगों को हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है।

### सात फरवरी तक शिफ्ट करने का दिया है टेंडर

बिजली निगम के अधिकारियों ने शिकायत देने के बाद निगम ने दीप इलेक्ट्रिक पटौदी 7 फरवरी तक बिजली की लाइन शिफ्ट हटाने के लिए टेंडर दिया गया था, लेकिन हाइटेंशन लाइन आज तक शिफ्ट नहीं की गई है। वार्डवासी बिजली लाइनों को हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व विधायक रामनिवास सुरजा खेड़ा को भी पत्र लिख चुके हैं। बिजली निगम के अधिकारियों की ओर से सबसे पहले शहर के वार्ड नंबर- 9 की पुरानी एवं जर्जर हो चुकी बिजली की तारों की बदलने के लिए एस्टीमेट बनाया था, लेकिन आज तक भी इन तारों को भी बदला नहीं गया है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उनके वार्ड के पुराने एवं जर्जर बिजली के तारों को बदला नहीं गया तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वार्डवासी आए दिन

बिजली की तारों के टूटने एवं बिजली गुल होने से परेशान है। लोगों का कहना है कि बिजली की जर्जर एवं लटकती और घरों को छूकर निकल रही तारों की वजह से करंट लगने से हादसा होने का खतरा बना रहता है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में मकान के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन।

### बना रहे एस्टीमेट

कस्बे के कई वार्डों में बिजली की तारों को बदला जाना है। इसके लिए एस्टीमेट बनाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद वार्डो में पुरानी तारों को बदलने का कार्य शुरू किया जाएगा। *आनन्द प्रकाश,* जेई, डीएचबीवीएन।

---

# पुलिस लाइन, थाना और चौकी में की सफाई

## अभियान में महिला पुलिस कर्मियों ने भी लिया बढ़ चढ़कर भाग

- एसपी ने आसपास सफाई रखने का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को पुलिस के जवानों की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जवानों ने अपने कार्यस्थल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए थाना, चौकी व पुलिस लाइन में साफ-सफाई करके श्रमदान किया। सभी प्रभारियों व कर्मचारियों ने अभियान मे उत्साह के साथ भाग लिया। अभियान में महिला पुलिस कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जवानों ने पुलिस लाइन के मैदान व पार्क के कचरे को एकत्रित करके निस्तारण किया। इस मौके पर एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि हम सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्रमदान स्वेच्छा से जुड़ा हुआ कार्य है, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तन मन से भाग लेना चाहिए। एसपी ने कहा कि जिस वातावरण में हम रहते हैं, उसका सीधा असर हमारी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। श्रमदान प्रत्येक नागरिक के मन में सरलता, विचारों की जटिलता से मुक्ति और स्वच्छता तथा हरित पर्यावरण के महत्व को विकसित करता है। श्रमदान विकास और विकास के लिए प्रयासरत कई लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।





रेवाड़ी। पुलिस लाइन में एंबुलेंस की धुलाई करते जवान व थाना परिसर में सफाई करते पुलिस कर्मी।

---

# कंवाली स्कूल की ज्योति हरियाणा खेलो इंडिया हॉकी टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खेल विभाग हरियाणा की ओर से स्कूल स्तर पर आरंभ की जा रही खेल नर्सरियों के सुखद परिणाम आने लगे हैं। गांव कंवाली में खेल विभाग की ओर से चल रही हॉकी नर्सरी की खिलाड़ी ज्योति यादव का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के लिए हरियाणा की टीम में हुआ है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली की दसवीं कक्षा की छात्रा ज्योति अब 7 मई से 13 मई तक बिहार के राजगीर में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्योति का चयन हरियाणा की टीम के प्रथम 18 खिलाड़ियों में किया गया है। गत वर्ष भी ज्योति ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हजारीबाग कैंप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। प्राचार्य अनिल यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ उनके कोच वीरेंद्र सिंह,साहिल चौहान व मीनू देवी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ को दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में दो खेल नर्सरियां चल रही हैं। टीम ने गत वर्ष राज्य स्तर पर स्कूली खेल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय की दो खिलाड़ी ज्योति यादव व रिंकी का चयन स्कूली नेशनल टूर्नामेंट के लिए हुआ था, जिन्होंने गत वर्ष भी हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल लेवल पर सिल्वर मेडल प्राप्त किया था।

हॉकी इंचार्ज प्रदीप यादव ने कहा कि आसपास के गांवों के जो भी छात्र खेलों में रुचि रखते हैं। सरपंच शीलवती यादव ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत उचित सुविधाएं, अवसर व मार्गदर्शन की है। पूर्व सरपंच अमित कुमार, पूर्व प्राचार्य जय सिंह यादव, डा. विजय, राम सिंह, विजय सिंह, अनिल, सुमेर सिंह, श्रीभगवान, राकेश कुमार, मिथलेश मौजूद रहे।



- हॉकी टीम में चयनित ्योति यादव।

ज्योति यादव।

---

सौगात | लॉन टेनिस कोर्ट, पार्किंग व पानी की टंकी का किया उद्घाटन

# बेहतर खेल सुविधाओं के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी कर रही सरकारः लक्ष्मण यादव

- गांवों में भी अधिक से अधिक सुविधाएं देने का प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के खिलाड़ी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर रहे हैं। विधायक सोमवार को राव तुलाराम स्टेडियम में लॉन टेनिस कोर्ट के जीर्णोद्धार, पार्किंग व पानी की टंकी का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर डीसी अभिषेक मीणा व एसडीएम सुरेन्द्र सिंह सहित जिला खेल अधिकारी ममता देवी, कोच अनिल कुमार व कोच चरण सिंह मौजूद थे। विधायक व डीसी ने स्टेडियम में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में सभी गांवों में व्यायामशालाएं खोली गई हैं, साथ ही ओपन जिम भी स्थापित किए गए हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुविधाओं का अभाव न हो। उन्होंने कहा कि राव तुलाराम स्टेडियम में ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा ताकि युवाओं को अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिले और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। खेलों में भाग लेने वाले युवाओं को नौकरी व पुरस्कार भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। भाजपा सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है। बिना खर्ची-बिना पर्ची के योग्य युवाओं को प्रतिभा के आधार पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए भी खेलों में अवसर प्रदान करने का काम किया है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने में जिला प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिला में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल विभाग के माध्यम से भी बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे क्षेत्र के युवा खेलों के दम पर देश-दुनिया में अपनी पहचान कायम करें।



रेवाड़ी। राव तुलाराम स्टेडियम में लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन करते हुए विधायक व डीसी। *फोटोः हरिभूमि।*

---

### अनाजमंडी से सरसों के बैग चोरी, सीसीटीवी में कैद वारदात, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** अनाजमंडी में चोर एक आढ़त की दुकान से सरसों के कट्टे चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सोनू ने बताया कि उसकी अनाजमंडी में फर्म है। वह जींस का कारोबार करता है। उसने दुकान के बाहर फड़ पर सरसों के 194 कट्टे हुए थे। इन कट्टों को तिरपाल से ढका हुआ था। रविवार को सुबह के समय उसने कट्टों की गिनती की तो 9 कट्टे गायब मिले। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। फुटेज में एक स्विफ्ट कार उसकी दुकान पर आकर आती हुई नजर आई। कार से उतरा व्यक्ति सरसों चोरी करते हुए नजर आ रहा है, परंतु उस व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर चोरी का केस दर्ज कर लिया। आरोपी की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

---



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेते डीसी अभिषेक मीणा व अन्य अधिकारीगण।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 का शुभारंभ 38 गांवों में हुआ सर्वे, 6754 प्लांटों का किया आवंटन

**रेवाड़ी।** जरूरतमंद पात्र नागरिकों को आवास दिलाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ऑनलाइन आवंटन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसका शुभारंभ सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया। जिला मुख्यालय पर डीसी अभिषेक मीणा ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री का संदेश सुना और योजना के मद्देनजर प्रभावी ढंग से कदम उठाने का आश्वासन दिया। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ग्राम पंचायत के आवेदनों के लिए 100 वर्ग गज के आवासीय प्लाट व महा ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट आवंटन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत रेवाड़ी के 38 गांवों का सर्वे किया गया है। डीसी मीणा ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर लोगों को पक्का घर देना है। हरियाणा सरकार सभी लोगों को अपना घर बनाने का सपना साकार कर रही है। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करते हुए पहले चरण में 61 ग्राम पंचायत और एक महा ग्राम पंचायत में 4532 प्लाटों का आवंटन किया गया था। अब दूसरे चरण में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 537 ग्राम पंचायत एवं 24 महा ग्राम पंचायत में 1.58 लाख आवेदकों के लिए आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया है।